2.1 Pre and Post Admission Counselling

हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए जारी किये गए अकादमिक कैलेंडर का अनुपालन करते हुए 3 जून 2024 से 15 जून 2024 के मध्य महाविद्यालय ने 10+2 उत्तीर्ण छात्रों के लिए महाविद्यालय में प्री-एडमिशन काउंसलिंग का आयोजन किया है और पोस्ट एडमिशन काउंसलिंग का आयोजन भी 16-19 जुलाई 2024 को किया गया था।



सलूणी कालेज में आज से आरंभ होगी पोस्ट एडमिशन काउंसिलिंग

सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी में 15 जुलाई को प्रवेश प्रक्रिया की समयावधि समाप्त होने के बाद 16 जुलाई को प्रवेश की मेरिट लिस्ट लगाने के बाद काउंसिलिंग आरंभ की जाएगी। प्राचार्य डा. मोहिंदर सलारिया ने बताया कि 16, 18 व 19 जुलाई को काउंसिलिंग सेशन का आयोजन महाविद्यालय परिसर में स्थित कंप्यूटर लैब में उक्त तिथियों पर दिन में 12 बजे आरंभ होगा। इन सेशन का उद्देश्य प्रवेश पा चुके छात्रों को विषय चुनाव में मदद करना एवं छात्रों की रुचियों के अनुसार करियर को ध्यान में रखते हुए विषयों के चुनाव के बारे में जागरूक करना होगा। (संस)

सलूणी कालेज में तीन जून से शुरू होगी स्नातक प्रवेश प्रक्रिया

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय स्नातक महाविद्यालय सलूणी में तीन जून से स्नातक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है। कला संकाय में इतिहास, राजनीतिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, भूगोल, अर्थशास्त्र, म्यूजिक (इंस्ट्रूमेंटल) एवं वाणिज्य संकाय से स्नातक करने के इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://www.gcsalooni.edu.in/ या एडमिशन पोर्टल https://gcsalooni.highaltеducation.in / पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी राजकीय महाविद्यालय सलूणी के प्रचार्य डा. मोहिंद्र सलारिया ने दी।

उन्होंने बताया कि आनलाइन आवेदन करने की तिथि तीन जून से 15 जुलाई तक रहेगी। प्री एडमिशन काउंसलिंग तीन जून से 15 जून रहेगी। पहली मेरिट लिस्ट 16 जुलाई, 2024 दोपहर एक बजे, पहली मेरिट लिस्ट के बाद आनलाइन फीस पेमेंट 16 जुलाई से 19 जुलाई, दूसरी मेरिट लिस्ट 20 जुलाई दिन में 11 बजे, दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद आनलाइन फीस पेमेंट 20 जुलाई शाम पांच बजे तक जारी होगी।

द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए आनलाइन आवेदन करने की तिथि छह जून से 15 जुलाई, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए आनलाइन फीस पेमेंट करने की तिथि छह जून से 19 जुलाई, प्रथम वर्ष में दाखिल हुए सभी विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम 22 जुलाई को होगा। नियमित कक्षाएं 23 जुलाई से शुरू होंगी।

उन्होंने बताया कि राजकीय स्नातक महाविद्यालय सलूणी में छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से नियमित कक्षाओं का संचालन किया जाता है। इसके अलावा विद्यार्थियों को खेलकूद व सांस्कृतिक सहित अन्य विकासात्मक गतिविधियों के साथ भी जोड़ा जा रहा है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

Saurabh Mishra

Dr. Saurabh Mishra
NAAC Coordinator

Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni